अशोक स्तम्भ

सत्यमेव जयते

वर्ग-02

पंचदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र में स्वीकृत अतारांकित प्रश्न

कुल प्रश्नों की संख्या-07

| क्रमांक | विभागों का नाम | प्रश्नों की संख्या | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 01. | समाज कल्याण विभाग | 01 | |
| 02. | अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग | 01 | |
| 03. | शिक्षा विभाग (प्राथमिक) | 02 | |
| 04. | शिक्षा विभाग (माध्यमिक) | 03 | |
| | कुल | 07 | |

# अतारांकित प्रश्न

| क्रमांक | सांकेतिक चिन्ह | मा० सदस्यों का नाम | संक्षिप्त विषय | आवक / दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्रा-01 | श्री डा० अच्युतानन्द | कार्यवाई करना | 1202/27.07.13 |
| 02 | अनु-01 | श्री महेन्द्र केडा | विद्युतिकरण करना | 1205/27.07.13 |
| 03 | अल्प-01 | श्री मो० आफाक आलम | भवन का जीर्णोद्धार | 1201/27.07.13 |
| 04 | कृ-01 | श्री डा० अच्युतानन्द | उपलब्ध कराना | 1203/27.07.13 |
| 05 | कृ-02 | श्री विनय कुमार सिंह | लागू करना | 1204/27.07.13 |
| 06 | मा-01 | श्री रामलखन राम रमण | प्रारम्भ करना | 1199/27.07.1 |
| 07 | मा-02 | श्री डा० कृष्णानन्द यादव | उत्क्रमित करना | 1200/27.07. |

कार्रवाई करना

ध-01-डा० अच्युतानन्द, ~~स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।~~

~~संख्या-अ-01~~ दैनिक समाचार पत्र के दिनांक-5.7.13 के अंक में छपी खबर "आँगनबाड़ी केन्द्रों के लाखों बच्चे भोजन से वंचित" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बिहार राज्य खाद्य निगम के गोदामों से आँगनबाड़ी केन्द्रों तक चावल पहुँचाने की जिम्मेवारी मध्याह्न भोजन योजना के लिए चयनित ठेकेदारों की है ?

(2) क्या यह बात सही है कि चयनित ठेकेदारों और विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण राज्य के 30,000 आँगनबाड़ी केन्द्रों पर चावल की आपूर्त्ति पिछले तीन महीने से नहीं किए जाने के कारण पोषाहार से लाखों बच्चे वंचित है ?

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार राज्य के 30 हजार आँगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार नहीं बँटने के लिए दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

विद्युतिकरण करना

अनु-01-श्री महेन्द्र बैठा, ~~स0वि0स0 से प्राप्त अतारांकित प्रश्न~~।

~~संख्या-अनु-01~~-क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

§1§ क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के कुमार खंड प्रखंड अंतर्गत टेंगराहा, बोकराहा पंचायत के अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास का विद्युतीकरण वर्ष 2005-06 में कराया गया था,

§2§ क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में आयी बाढ़ में, बाढ़ पीड़ितों को छः माह तक उक्त छात्रावास में रखा गया तथा बाढ़ पीड़ितों द्वारा विद्युति सामग्री को तोड़कर [illegible] ले जाया गया है,

§3§ यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पुनः उक्त छात्रावास का विद्युतिकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

भवन का जीर्णोद्धार

अल्प-01-श्री मो0 आफाक आलम, स0वि0स0 से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

संख्या अल्प-01 क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कलानंद उच्च विद्यालय में अब्दुल करीम छात्रावास का भवन, शौचालय एवं चाहरदिवारी 10 वर्षों से जर्जर है,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जर्जर भवन के कारण छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है,

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, स कबतक, नहीं तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

क्र-01-डॉ० अच्युतानन्द, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न।

संख्या-क-01-दैनिक समाचार पत्र के दिनांक-8 मई, 2013 के अंक में छपी खबर "हर माह दो से आठ दिन भूखे रह जाते हैं बच्चे" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि अभी भी राज्य के 2500 विद्यालय ऐसे हैं जहाँ अबतक मीड-डे मील उपलब्ध नहीं हो रहा है ?

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य मिड-डे मील योजना समिति की रिपोर्ट के अनुसार फरवरी 2013 में जिलों में सभी कार्य दिवस में बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध नहीं हुआ है ?

(3) क्या यह बात सही है कि प्रतिमाह 25 करोड़ रूपये व्यय होने के बाद भी मध्याह्न भोजन की उपलब्धि राज्य में मात्र 62 प्रतिशत ही है ?

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बच्चों को मिड-डे मिल उपलब्ध नहीं होने के लिए दोषियों पर कार्रवाई करते हुए सभी नामांकित बच्चों को प्रति [illegible] कार्य दिवस मिड-डे मिल उपलब्ध कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

लागू करना

क्र-02-श्री विनय कुमार सिंह, ~~स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न~~।

~~संख्या-क-02~~ क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित 3776 एवं 711 क कोटि के संस्कृत विद्यालयों के मान्यता के लिए दिनांक-31.8.2010 के मंत्री परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है ?

(2) क्या यह बात सही है कि संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुशंसित 300 संस्कृत विद्यालयों को प्रथम चरण में मान्यता देने के लिए सरकार ने अपने मंत्री परिषद की बैठक में निर्णय लिया है,

(3) क्या यह बात सही है कि संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के वेतनादि के लिए 18 करोड़ 67 लाख रूपये स्वीकृत किये गये हैं ?

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार ने अभी तक इसपर क्या कार्रवाई की एवं दिये गये निर्णय को यथाशीघ्र लागू करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

प्रारम्भ करना

मा-01 – श्री रामलषण राम रमण, ~~स0वि0स0 से प्राप्त अतारांकित प्रश्न।~~

~~संख्या-मा-01~~ क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत कितने उच्च विद्यालयों, प्लस-टू उच्च विद्यालयों एवं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालयों में कम्प्यूटर लगाये गये हैं ?

(2) क्या यह बात सही है कि एक भी कम्प्यूटर वाले विद्यालय में प्रशिक्षक नहीं है जिस कारण उपयोग के अभाव में कम्प्यूटर खराब होते जा रहे हैं ?

(3) यदि उपर्युक्त खंड-2 के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कबतक प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर कम्प्यूटर शिक्षा प्रारम्भ करना चाहती है ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

## उत्क्रमित करना

मा-08-डा० कृष्णनन्दन यादव, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न संख्या-मा-02 क्या मंत्री, शिक्षा §मा० शि०§ विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

§1§ क्या यह बात सही है कि गया जिले के नीमचक प्रखंड के पंडी मनोयारा पंचायत, अल्पसंख्यक बहुल्य पंचायत है,

§2§ क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है,

§3§ यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उर्दू म०वि० बंडी को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?